Downloaded from: justpaste.it/tamilnaduFish

Tamil Nadu: मदुरै में 2 टन मछलियां जब्त, जहरीले रसायन में किया जा रहा था स्टोर

Tamil Nadu के मत्स्य मंत्री जयकुमार ने कहा, “राज्य में मछलियों को बेचने के दौरान फॉर्मलिन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाएगी”

सरकारी एजेंसियों ने Tamil Nadu (तमिल नाडु) के Madurai (मदुरै) में 2 टन Fish (मछलियां) जब्त की हैं। बता दें आरोप है कि इन मछलियों को संरक्षित (इकठ्ठा,जमा) रखने के लिए रसायनिक पदार्थ फॉर्मलिन के इस्तेमाल किया जाता है। सरकारी एजेंसियों ने मदुरै के ऐसे 53 दुकानों की पहचान की है, जहां इस पदार्थ फॉर्मलिन का इस्तेमाल कर मछलियां संरक्षित की जाती थीं।

[दो मुंह के बछड़ा देखने उमड़ी लोगों की भीड़]

बता दें, फॉर्मलिन एक प्रकार का जहरीला पदार्थ है। जिसका प्रयोग मछलियों को संरक्षित करने में किया जाता है। फॉर्मलिन को कैंसर, किडनी और लीवर से जुड़ी बीमारियों का कारण भी माना गया है।

[Tamil Nadu: बस और ट्रक में जोरदार टक्कर, 20 की मौत]

मदुरै में 2 टन मछलियां जब्त

सरकारी अधिकारियों की माने तो उन्होंने कहा, "गुप्त सूचना के आधार पर बर्फ की फैक्ट्रियां में छापा मारा. ये फैक्ट्रियां मदुरै में बर्फ की सप्लाई करती हैं. अधिकारी ये जान कर हैरान रह गए कि बर्फ में फॉर्मलिन की मात्रा थी. इसके बाद कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने 2 टन मछली सीज कर ली हैं"।

गौरतलब है कि बीते साल 2019 में भी मछलियों में फॉर्मलिन की मात्रा की बात प्रकाश में आई थी। जिसके बाद तमिलनाडु के मत्स्य मंत्री जयकुमार ने कहा, "राज्य में मछलियों को बेचने के दौरान फॉर्मलिन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाएगी"। हालांकि जब जांच की गई तो सामन आया कि भारी मात्रा में मछलियों को फॉर्मिलन देकर रखा गया है।

घातक है फॉर्मलिन का इस्तेमाल

ध्यान हो मछलियों को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए आंध्र प्रदेश और गोवा में भी फॉर्मलिन के इस्तेमाल की खबरें आई थी। जिसके बाद इन राज्यों में भी मछली विक्रेताओं के खिलाफ कदम उठाया गया था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की माने तो फॉर्मलिन की छोटी मात्रा इंसान के शरीर में जाने पर गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है।